>

Title: Need to ensure facilities to the workers engaged by contractors in Bharat Heavy Electricals Limited at par with permanent workers of the company.

श्री राजेन्द्र अग्निहोत्री (झांसी): महोदय, भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम का प्रतिष्ठान भारत हैवी इलैक्ट्रीकल लि. में ठेकेदारी प्रथा लागू है लेकिन इस प्रथा में जो श्रमिक काम करते हैं, वे प्रतिष्ठान में कार्यरत स्थाई श्रमिकों के समान काम करते हैं जबकि उन्हें वेतन तथा सुविधाएं स्थाई श्रमिकों के बराबर नहीं दी जाती और आज परिस्थिति यह है कि भारत हैवी इलैक्ट्रीकल लि. का जो लाभांश है, उसमें सबसे अधिक योगदान ठेकेदार के श्रमिकों का है। इन श्रमिकों को काम करते हुए १० से १५ वर्ष हो गए हैं।

अतः श्रम मंत्री महोदय से मेरी मांग है कि वह उद्योग मंत्री महोदय से बात करके प्रतिष्ठान के ठेकेदारी प्रथा के श्रमिकों को स्थाई श्रमिकों के बराबर वेतन तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा इनको मनमाने तरीके से न निकासा जा सके।